

प्लैनेट न्यूज़ इंडिया
हर खबर सच के साथ
RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

# 1 मई से कमर्शियल गैस सिलिंडर 993 रुपये महंगा, दिल्ली में 19 किलो सिलिंडर 3071.50 रुपये

नई दिल्ली। एक मई से कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर की कीमतों में बड़ा इजाफा किया गया है। 19 किलो वाले कमर्शियल सिलिंडर के दाम में 993 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। इसके बाद राजधानी दिल्ली में इसकी नई कीमत 3071.50 रुपये हो गई है। हालांकि घरेलू गैस सिलिंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सरकारी तेल कंपनी Indian Oil Corporation (आईओसी) ने इस फैसले को वैश्विक ईंधन कीमतों के अनुरूप संतुलन बनाने वाला कदम बताया है। कंपनी के अनुसार, आम उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए पेट्रोल, डीजल और 14.2 किलो वाले घरेलू एलपीजी सिलिंडर के दाम स्थिर रखे गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय बाजार में ईंधन कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद घरेलू विमानन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) की दरों में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है, ताकि एयरलाइनों और यात्रियों पर अतिरिक्त बोझ न पड़े। हालांकि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए एटीएफ की कीमतों में वृद्धि की गई है।



आईओसी ने स्पष्ट किया कि पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें कुल खपत के लगभग 90 प्रतिशत उपभोक्ताओं के लिए अपरिवर्तित हैं। देश के करीब 33 करोड़ घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं को भी राहत देते हुए रसोई गैस के दाम यथावत रखे गए हैं। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत मिलने वाले केरोसिन की कीमतों में भी कोई वृद्धि नहीं हुई है। कुल मिलाकर, पेट्रोलियम उत्पादों का करीब 80 प्रतिशत हिस्सा ऐसी श्रेणी में है, जिसकी कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मूल्य संशोधन केवल चुनिंदा औद्योगिक और व्यावसायिक क्षेत्रों तक सीमित है, जिनकी खपत अपेक्षाकृत कम है और जो अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क के आधार पर नियमित रूप से समायोजित की जाती हैं। कमर्शियल सिलिंडर के दाम बढ़ने से होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा और कैटरिंग कारोबार पर असर पड़ सकता है, जिससे आम उपभोक्ताओं पर भी अप्रत्यक्ष रूप से महंगाई का असर देखने को मिल सकता है।

# हाथरस: दुष्कर्म पीड़िता ने जेएन मेडिकल कॉलेज में

## बेटे को दिया जन्म, कोर्ट तय करेगा बच्चे का भविष्य



अलीगढ़/हाथरस। हाथरस जिले के मुरसान क्षेत्र की 15 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता ने 29 अप्रैल को JN Medical College, अलीगढ़ में बेटे को जन्म दिया। प्रसव सुरक्षित तरीके से कराया गया। जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं, हालांकि नवजात को निगरानी के तहत एनआईसीयू में रखा गया है। बच्चे का वजन 2 किलो 700 ग्राम बताया गया है। मामले में 23 जनवरी को मुरसान कोतवाली में किशोरी की मां ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप है कि रिश्ते में बुआ के बेटे ने जुलाई 2025 से कई बार किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। जनवरी में पेट दर्द की शिकायत पर जब जांच कराई गई तो किशोरी के गर्भवती होने की जानकारी सामने आई। इसके बाद परिवार ने पूरी घटना की जानकारी पुलिस को दी। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के चलते मां ने गर्भपात की अनुमति के लिए हाईकोर्ट में अपील की थी। अदालत के निर्देश पर मेडिकल बोर्ड गठित किया गया, लेकिन समय निकल जाने के कारण गर्भपात संभव नहीं हो सका। मार्च में हाईकोर्ट के निर्देश पर किशोरी को जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां से उसका उपचार और देखरेख जारी रही।

क्षेत्राधिकारी सादाबाद अमित पाठक ने बताया कि आरोपी फिलहाल जेल में है और डीएनए रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद न्यायालय में प्रस्तुत कर ट्रायल आगे बढ़ाया जाएगा। बच्चे के भविष्य को लेकर अंतिम निर्णय हाईकोर्ट के निर्देशानुसार ही लिया जाएगा। मेडिकल कॉलेज प्रशासन के अनुसार, हाईकोर्ट के अगले आदेश तक मां और नवजात दोनों अस्पताल में ही रहेंगे और उपचार व देखभाल का खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भी मामले की सूचना दे दी गई है। परिवार ने फिलहाल बच्चे को अपनाने को लेकर असमंजस जताया है।

# अलीगढ़: सराय हकीम

## गोलीकांड में 47 दिन बाद आरोपी को राहत, हाईकोर्ट से पहली जमानत मंजूर



अलीगढ़। सराय हकीम इलाके में हुए चर्चित गोलीकांड मामले में 47 दिन बाद एक आरोपी को बड़ी राहत मिली है। मामले में पहली जमानत Allahabad High Court से मंजूर हुई है। जानकारी के अनुसार, आरोपी पक्ष की ओर से दायर जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने सशर्त जमानत देने का आदेश दिया। अदालत ने मामले की परिस्थितियों, साक्ष्यों और आरोपी की भूमिका को देखते हुए राहत प्रदान की है। सराय हकीम क्षेत्र में हुए गोलीकांड के बाद पुलिस ने कई नामजद और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की कार्रवाई की थी। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बना रहा और पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी थी। अब इस मामले में पहली जमानत मिलने के बाद अन्य आरोपियों की ओर से भी राहत की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं अभियोजन पक्ष का कहना है कि ट्रायल के दौरान साक्ष्यों के आधार पर सख्त पैरवी की जाएगी। मामले की सुनवाई निचली अदालत में जारी है और पुलिस की ओर से चार्जशीट दाखिल किए जाने की प्रक्रिया भी पूरी की जा रही है।



# अलीगढ़: 18 मई तक स्मार्ट मीटर नहीं हटे तो भाकियू करेगी जनांदोलन



अलीगढ़: स्मार्ट मीटर योजना के विरोध में Bharatiya Kisan Union (भाकियू) के पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने तहसील पर प्रदर्शन कर नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि 18 मई तक स्मार्ट मीटर नहीं हटाए गए तो तहसील पर जनांदोलन शुरू किया जाएगा। भाकियू नेताओं ने कहा कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर से आम जनता और किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। रिचार्ज खत्म होते ही बिजली कटने से लोगों को परेशानी होगी, खासकर किसानों के ट्यूबवेल कनेक्शन पर इसका असर पड़ेगा। प्रदर्शन के दौरान केपी मिस्त्री, सूरज लोधी, फौजी निरंजन लोधी, हिमांशु मित्तल गुप्ता, बसंतलाल, सुरेंद्र सिंह लोधी, हाजी मेहरबान कुरैशी, महेंद्र लोधी, डॉ. चंद्रप्रकाश लोधी, महेश लोधी, यशपाल और सतीश लोधी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त



# Aaj Ka Rashifal 01 May

## इन 7 राशि वालों को महीने के पहले दिन मिल सकता है कोई सरप्राइज,

01 May Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 01 मई 2026 का राशिफल।01 मई को वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि है। 01 मई को वैशाख माह की पूर्णिमा तिथि है फिर इसके बाद ज्येष्ठ माह की शुरुआत होगी। इस दिन वैशाख पूर्णिमा पर बुद्ध पूर्णिमा मनाई जाएगी। इस तिथि रवि योग के साथ कई तरह के दूसरे योग भी बनेंगे



### मेष

आज का दिन आपके लिए फायदे की नई राह खोल सकता है। आपके फैसले सटीक बैठेंगे और सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी आपको खुश कर देगी। पुराने दोस्त से मुलाकात दिल को सुकून देगी, वहीं ससुराल पक्ष से भी कोई खास मिलने आ सकता है। बस ध्यान रखें। मां की किसी बात को हल्के में न लें, वरना नाराजगी झेलनी पड़ सकती है।

### वृषभ

आज दिल की कोई बड़ी इच्छा पूरी होकर आपको खुशी से भर देगी। घर में सरप्राइज जैसा माहौल बनेगा और अपनों के साथ हंसी-खुशी का समय बीतेगा। छोटे बच्चों की सेहत पर ध्यान देना जरूरी है। कोई फैसला बिना सोचे न लें, वरना बाद में पछताना पड़ सकता है। भाई-बहनों के साथ रिश्ते और मजबूत होंगे।

### मिथुन

आज कुछ नया शुरू करने की हलचल आपके मन में रहेगी। शादीशुदा जीवन में सम्मान और समझ बनी रहेगी। आप अपने लक्ष्य को लेकर काफी सजग रहेंगे, लेकिन विरोधियों की बातों में आने से बचें। पुराने अटके काम पूरे करने की कोशिश सफल होगी। उधार लेने से दूरी बनाकर रखें। वापसी मुश्किल हो सकती है।

### कर्क

आज का दिन राहत और प्रगति लेकर आएगा। प्रॉपर्टी से जुड़े फैसले आपके पक्ष में रहेंगे और आपकी कला-कौशल में निखार दिखेगा। मेहनत रंग लाएगी, लेकिन किसी करीबी से धोखा मिलने की आशंका भी है। सतर्क रहें। पिता का सहयोग आपकी बड़ी समस्या को हल कर सकता है।

### सिंह

आज सुख-सुविधाओं में इजाफा आपको संतुष्टि देगा। राजनीति या नेतृत्व से जुड़े लोगों के लिए दिन शानदार है। जीवनसाथी के साथ हल्की नोकझोंक हो सकती है, इसलिए संयम रखें। किसी जोखिम भरे काम से दूरी बनाना ही बेहतर रहेगा। कानूनी मामलों में राहत मिल सकती है।

### कन्या

आज खुशियों और सुकून से भरा दिन है। परिवार का पूरा साथ मिलेगा, लेकिन संतान की सेहत को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है। पढ़ाई और कौशल में सुधार देखने को मिलेगा। रुका हुआ धन वापस मिल सकता है और घर में कुछ नया बदलाव या रिनोवेशन शुरू हो सकता है।

### तुला

आज बिजनेस में थोड़ी उलझनें आ सकती हैं, लेकिन परिवार के साथ समय बिताकर मन खुश रहेगा। बच्चों के साथ घूमने-फिरने का मौका मिलेगा। सिंगल लोगों के जीवन में खास मुलाकात हो सकती है। आपकी मेहनत आखिरकार रंग लाएगी और आपको उसका पूरा फल मिलेगा।

### वृश्चिक

आज कमाई के नए रास्ते खुलेंगे और हर काम में सफलता आपके साथ होगी। सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी से मन प्रसन्न रहेगा। वैवाहिक जीवन में चल रही परेशानियां खत्म होंगी। बस अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें और इलेक्ट्रॉनिक चीजों से सावधानी बरतें।

### धनु

आज आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। परिवार का सहयोग और माता-पिता का आशीर्वाद आपके रुके काम पूरे कराएगा। भाई-बहनों की सलाह आपके लिए फायदेमंद साबित होगी। कोई बड़ी इच्छा पूरी होने से मन प्रसन्न रहेगा। यात्रा फिलहाल टालना ही बेहतर होगा।

### मकर

आज अधूरे काम पूरे करने का समय है। नौकरी के नए अवसर आपके लिए दरवाजे खोल सकते हैं। सामाजिक क्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। माँ की भावनाओं का ख्याल रखें और आसपास के लोगों को पहचानकर ही भरोसा करें। आप कुछ अलग और खास करने की दिशा में बढ़ेंगे।

### कुंभ

आज जिम्मेदारी निभाने का दिन है और आप इसमें सफल भी रहेंगे। सुख-समृद्धि बढ़ेगी और नया वाहन खरीदने का सपना पूरा हो सकता है। बिजनेस की अटकी डील फाइनल होने के संकेत हैं। बस माँ की सेहत को नजरअंदाज न करें।

### मीन

आज का दिन शांति और आनंद से भरा रहेगा। धार्मिक कार्यों में मन लगेगा और जीवनसाथी के साथ रोमांटिक पल बिताने का मौका मिलेगा। परिवार में छोटी-मोटी बहस हो सकती है, इसलिए संयम रखें। संतान से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है और विद्यार्थी मेहनत से सफलता पाएंगे।

# Delhi: सरकारी स्कूल के 10 लाख छात्रों

## को एक महीने बाद भी नहीं मिलीं किताबें, हाईकोर्ट का शिक्षा सचिव को नोटिस




दिल्ली हाईकोर्ट ने बृहस्पतिवार को दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग के सचिव को अवमानना नोटिस जारी किया है।कैसी विडंबना है कि सरकारी स्कूल के 10 लाख छात्रों को अभी तक किताबें नहीं मिली हैं। दिल्ली हाईकोर्ट ने बृहस्पतिवार को दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग के सचिव को अवमानना नोटिस जारी किया है। यह अवमानना नोटिस सरकारी स्कूलों के करीब 10 लाख छात्रों को पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध ना कराए जाने पर जारी किया है। दिल्ली हाईकोर्ट की एकलपीठ न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की पीठ सोशल ज्यूरिस्ट की अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में आरोप लगाया गया कि कोर्ट के पिछले आदेशों और सचिव द्वारा दिए गए स्पष्ट वादों के बावजूद दिल्ली सरकार के स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक पढ़ने वाले लगभग 10 लाख छात्रों को नई शैक्षणिक सत्र 2026-27 शुरू होने के एक महीने बाद भी पाठ्यपुस्तकें और नोटबुक नहीं पहुंचाई गई हैं।अधिवक्ता अशोक अग्रवाल और कुमार उत्कर्ष ने याचिका में तर्क दिया कि कोर्ट के आदेशों की जानबूझकर अवहेलना की जा रही है, जिससे बच्चों की शिक्षा बुरी तरह प्रभावित हो रही है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सरकारी स्टैंडिंग काउंसल से सवाल किया और गंभीर लापरवाही पर नाराजगी जताई। स्टैंडिंग काउंसल ने कोर्ट को बताया कि किताबें ग्रीष्म अवकाश शुरू होने से पहले सभी छात्रों को वितरित कर दी जाएंगी। कोर्ट ने इस सबमिशन को बाध्यकारी मानते हुए नोटिस जारी किया और जवाबदेह पक्षकारों को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया 8 अप्रैल 2024 को दिल्ली हाईकोर्ट ने सचिव (शिक्षा) के उस आश्वासन को रिकॉर्ड पर लिया था जिसमें उन्होंने कहा था कि किताबें, नोटबुक, लेखन सामग्री और फर्नीचर सभी छात्रों को समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराई जाएंगी। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि फंड की कोई कमी नहीं है। इसके बाद 4 जुलाई 2024 के आदेश में कोर्ट ने शिक्षा निदेशालय को बुनियादी ढांचे से संबंधित सभी दिशानिर्देशों और समय-सीमाओं का पालन करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने इन वादों को स्वीकार कर निदेशालय को बाध्य किया।

# Commercial Cylinder:

## कमर्शियल सिलिंडर की कीमत में 993 रुपये की बढ़ोतरी, दिल्ली में अब 3071.50 रुपये पहुंचा दाम



सरकारी तेल कंपनी आईओसी ने इस कदम को तेल विपणन कंपनियों द्वारा वैश्विक रुझानों के साथ तालमेल बिठाने, घरेलू उपभोक्ताओं की रक्षा करने और आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए एक संतुलित दृष्टिकोण का प्रतिबिंब बताया है। कमर्शियल सिलिंडर की कीमतों में एक मई यानी आज से बड़ा इजाफा हुआ है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि आज से 19 किलो के कमर्शियल सिलिंडर की कीमत में 993 रुपये की बढ़ोतरी हो गई है। दिल्ली में आज से 19 किलो के सिलिंडर की कीमत 3071.50 रुपये होगी। घरेलू सिलिंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।वहीं, पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक देश की सरकारी तेल कंपनियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईंधन की कीमतों में वृद्धि के बावजूद घरेलू विमानन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) की दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। यह निर्णय एयरलाइनों और उपभोक्ताओं को अंतरराष्ट्रीय मूल्य अस्थिरता से बचाने के उद्देश्य से लिया गया है। इसके साथ ही, पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी सिलिंडरों की खुदरा कीमतों को भी स्थिर रखा गया है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, आम जनता को प्रभावित करने वाले प्रमुख ईंधनों की दरों में कोई संशोधन नहीं किया गया है। एटीएफ की कीमतों में हर महीने की पहली तारीख को इनपुट लागत के आधार पर संशोधन किया जाता है। हालांकि, घरेलू एयरलाइनों के लिए दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है, वहीं अंतरराष्ट्रीय वाहकों के लिए कीमतों में वृद्धि हुई है। आईओसी ने बताया कि पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें उन उपभोक्ताओं के लिए अपरिवर्तित रहीं, जो कुल खपत का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा हैं।

# सलमान खान के कैमियो का खुलासा




सलमान खान ने फिल्म 'राजा शिवाजी' में जीवा माहाला (जीवाजी महाले) का किरदार निभाया है। फिल्म में उनका लुक भी शानदार है। वह एक बलशाली योद्धा के रूप में नजर आ रहे हैं। जीवा माहाला छत्रपति शिवाजी महाराज की सेना में एक वफादार अंगरक्षक और खास योद्धा थे। उन्होंने एक बार शिवाजी महाराज का जीवन बचाया था।फिल्म 'राजा शिवाजी' में रितेश देशमुख और सलमान खान के अलावा कई और बॉलीवुड एक्टर्स भी अहम किरदारों में नजर आए हैं। इस फिल्म में संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, भाग्यश्री, फरदीन खान, अमोल गुप्ते, विद्या बालन, बोमन ईरानी जैसे कई एक्टर्स भी शामिल हैं। रितेश देशमुख ने फिल्म 'राजा शिवाजी' में छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभाया है। यह फिल्म भारत के महानतम योद्धा और राजा छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित है। कैसे उन्होंने मुगलों से लोहा लिया और 'स्वराज्य' की नींव रखी। फिल्म में कमाल के एक्शन सीन्स हैं, साथ ही वीएफएक्स का भी अच्छा इस्तेमाल किया गया है।

# कारा' या 'केडी: द डेविल'




हिंदी फिल्म 'भूत बंगला' और हॉलीवुड फिल्म 'माइकल' के सामने आज दो नई फिल्में रिलीज हुई हैं। इनमें एक है धनुष की तमिल फिल्म 'कारा' और दूसरी है कन्नड़ फिल्म 'केडी: द डेविल', जिसमें संजय दत्त भी प्रमुख भूमिका में हैं। अब जानते हैं कि इन दोनों फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर की कैसी शुरुआत।धनुष स्टारर 'कारा' को दर्शकों और क्रिटिक्स से अच्छी प्रतिक्रियाएं हासिल हुई हैं। अब फिल्म के पहले दिन का कलेक्शन भी सामने आ गया है। खबर लिखे जाने तक सैकनिल्क के मुताबिक, 'कारा' ने पहले दिन 5.75 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है। अब देखना ये है कि आने वाले दिनों में धनुष की फिल्म कैसा प्रदर्शन कर पाती है।'कारा' के अलावा कन्नड़ फिल्म 'केडी: द डेविल' भी आज सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। ये फिल्म अपने गाने को लेकर पहले ही विवादों में रही है। अब आज फिल्म रिलीज हुई है। खबर लिखे जाने तक सैकनिल्क के मुताबिक, 'केडी: द डेविल' ने पहले दिन 3.50 करोड़ रुपए की कमाई कर ली

# क्या मेट गाला 2026 में दीपिका और रणवीर करेंगे शिरकत




मेट गाला 2026 के रेड कारपेट पर हर साल सेलेब्स के फैशन का जलवा देखने को मिलता है। इस साल भी कई बॉलीवुड सेलेब्स मेट गाला में नजर आएंगे। मेट गाला 2026 की गेस्ट लिस्ट में फिल्ममेकर करण जौहर पहली बार नजर आएंगे। कई और बॉलीवुड सेलेब्स के भी इस इवेंट में शिरकत होने की उम्मीद की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मेट गाला में दीपिका पादुकोण अपने पति रणवीर सिंह के साथ नजर आ सकती हैं। इनके अलावा प्रियंका चोपड़ा भी मेट गाला में जलवा दिखाएंगी। प्रियंका के अलावा आलिया भट्ट का नाम भी मेट गाला गेस्ट में शामिल हो सकता है। करण जौहर का मेट गाला 2026 में डेब्यू होगा। अपने फैशन सेंस के लिए बॉलीवुड में मशहूर हैं तो मेट गाला में भी उनका अनोखा अंदाज नजर आ सकता है। पिछले साल इस इवेंट में शाहरुख खान ने पहली बार शिरकत की थी, उनका लुक काफी चर्चा में रहा था। मेट गाला 2026 में बॉलीवुड ही नहीं बिजनेस वर्ल्ड की हस्तियां भी शामिल होंगी। इस लिस्ट में ईशा अंबानी और नताशा पूनावाला का नाम शामिल होगा। 4 मई को यह इंटरनेशनल फैशन इवेंट होगा

# भारती सिंह और शेखर सुमन को हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत, रद्द हुई FIR




बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को कॉमेडियन भारती सिंह और अभिनेता शेखर सुमन के खिलाफ दर्ज एक एफआईआर को रद्द कर दिया। यह एफआईआर एक कॉमेडी शो के दौरान कथित तौर पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में दर्ज की गई थी। अदालत ने दोनों को राहत देते हुए कहा कि कॉमेडी परफॉर्मेंस को गंभीर भाषणों वाले पैमानों से नहीं मापा जाना चाहिए।साल 2010 में शो 'कॉमेडी सर्कस का जादू' में कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणियां करने के मामले में एफआईआर दर्ज हुई थी। इसमें कॉमेडियन और अभिनेता के अलावा, सोनी और एक स्क्रिप्ट राइटर को भी आरोपी बनाया गया था। यह एफआईआर रजा अकादमी के एक प्रतिनिधि की शिकायत के आधार पर दर्ज की गई थी। शिकायतकर्ता ने दावा किया था कि सिंह ने शो में कुरान की एक आयत पर मजाक उड़ाया था, जो इस्लाम के लिए अपमानजनक था। शिकायतकर्ता के अनुसार, सिंह के बाद सुमन ने भी उस आयत को दोहराया था।कॉमेडियन और अभिनेता का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील नितिन प्रधान ने कोर्ट में दलील दी कि इन दोनों के खिलाफ पुलिस जांच पूरी तरह से बेबुनियाद थी, क्योंकि वे तो बस एक जज और एक कलाकार के तौर पर अपनी भूमिका निभा रहे थे।जस्टिस अमित बोरकर की एकल पीठ ने एफआईआर को रद्द कर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में कलाकार और जज लोगों को हंसाने के लिए होते हैं। वे किसी धार्मिक समूह के खिलाफ बयान देने वाले वक्ता की स्थिति में नहीं होते। कोर्ट ने कहा कि दोनों की भूमिका इतनी दूर की थी कि उन्हें शिकायतकर्ता की तरफ से लगाए गए अपराधों के दायरे में नहीं लाया जा सकता।

# Commercial Cylinder:

## कमर्शियल सिलिंडर की कीमत में 993 रुपये की बढ़ोतरी
## दिल्ली में अब 3071.50 रुपये पहुंचा दाम



इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, आम जनता को प्रभावित करने वाले प्रमुख ईंधनों की दरों में कोई संशोधन नहीं किया गया है। एटीएफ की कीमतों में हर महीने की पहली तारीख को इनपुट लागत के आधार पर संशोधन किया जाता है। हालांकि, घरेलू एयरलाइनों के लिए दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है, वहीं अंतरराष्ट्रीय वाहकों के लिए कीमतों में वृद्धि हुई है। आईओसी ने बताया कि पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें उन उपभोक्ताओं के लिए अपरिवर्तित रहीं, जो कुल खपत का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा हैं। इसी तरह, लगभग 33 करोड़ उपभोक्ताओं के लिए घरेलू एलपीजी (14.2-किलोग्राम सिलिंडर) की कीमतों में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत वितरित केरोसिन की कीमतों में भी कोई वृद्धि नहीं हुई है।

सरकारी तेल कंपनी आईओसी ने इस कदम को तेल विपणन कंपनियों द्वारा वैश्विक रुझानों के साथ तालमेल बिठाने, घरेलू उपभोक्ताओं की रक्षा करने और आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए एक संतुलित दृष्टिकोण का प्रतिबिंब बताया है। कमर्शियल सिलिंडर की कीमतों में एक मई यानी आज से बड़ा इजाफा हुआ है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि आज से 19 किलो के कमर्शियल सिलिंडर की कीमत में 993 रुपये की बढ़ोतरी हो गई है। दिल्ली में आज से 19 किलो के सिलिंडर की कीमत 3071.50 रुपये होगी। घरेलू सिलिंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।वहीं, पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक देश की सरकारी तेल कंपनियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईंधन की कीमतों में वृद्धि के बावजूद घरेलू विमानन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) की दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। यह निर्णय एयरलाइनों और उपभोक्ताओं को अंतरराष्ट्रीय मूल्य अस्थिरता से बचाने के उद्देश्य से लिया गया है।

# Gold-Silver Price

## सोना-चांदी की कीमतों में भारी गिरावट
## सोना 1800 रुपये और चांदी 6500 रुपये टूटी



सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और मजबूत होते अमेरिकी डॉलर के कारण वैश्विक बाजारों में हलचल मची, जिसका असर घरेलू बाजार पर भी पड़ा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,800 रुपये (1.15 प्रतिशत) गिरकर 1,54,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। सोमवार को सोना 1,56,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।चांदी की कीमतों में भी भारी गिरावट देखी गई। चांदी 6,500 रुपये (लगभग 3 प्रतिशत) टूटकर 2,44,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 2,50,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटी एनालिस्ट सौमिल गांधी ने बताया कि बढ़ती ऊर्जा कीमतों ने महंगाई की चिंता बढ़ा दी है, जिससे ब्याज दरों के तक ऊंचे रहने की उम्मीदें मजबूत हुई हैं। इसके कारण बॉन्ड यील्ड में भी बढ़ोतरी हुई है, जिससे सोने की कीमतों पर दबाव पड़ा है।इसके अलावा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व सहित प्रमुख केंद्रीय बैंकों के फैसलों से पहले व्यापारी अपनी स्थिति कम कर रहे हैं, जिससे कीमतों पर और दबाव पड़ा है।अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखी गई। स्पॉट गोल्ड 95.37 डॉलर (2.04 प्रतिशत) गिरकर 4,586.50 डॉलर प्रति औंस और चांदी 2.33 डॉलर (3.09 प्रतिशत) गिरकर 73.18 डॉलर प्रति औंस पर आ गई।निवेशक अब प्रमुख अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों पर नजर रखेंगे,जिसमें एडीपी साप्ताहिक रोजगार के आंकड़े और कॉन्फ्रेंस बोर्ड विश्वास के आंकड़े शामिल हैं।

# FDI: सुधारों के दम

## 90 अरब डॉलर के पार पहुंचेगा एफडीआई
## आर्थिक वृद्धि से विदेशी निवेशकों का भरोसा मजबूत




भारत में एफडीआई 2025-26 में 90 अरब डॉलर के पार पहुंचने की संभावना है। डीपीआईआईटी के अनुसार, नीतिगत सुधारों और तेज आर्थिक वृद्धि से विदेशी निवेशकों का भरोसा बढ़ा है।भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 90 अरब डॉलर के पार पहुंच सकता है। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने कहा, अप्रैल, 2025 से फरवरी, 2026 के दौरान देश में कुल 88 अरब डॉलर से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया है। इससे पूरे वित्त वर्ष के लिए सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं। इस अवधि में देश में शुद्ध एफडीआई बढ़कर 6.26 अरब डॉलर हो गया है, जबकि 2024-25 में यह 80.61 अरब डॉलर था। भाटिया ने कहा, सरकार की ओर से निवेश आकर्षित करने के लिए किए गए नीतिगत सुधारों, विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों और तेज आर्थिक वृद्धि ने भारत पर विदेशी निवेशकों का भरोसा मजबूत किया है। इन कारकों के चलते भारत वैश्विक निवेश के लिए आकर्षक गंतव्य के रूप में उभरा है।

### एफडीआई नियमों में ढील पर जल्द आएगी अधिसूचना

राष्ट्रीय निवेश प्रोत्साहन एजेंसी इन्वेस्ट इंडिया ने 2025-26 में 6.1 अरब डॉलर से अधिक के 60 प्रोजेक्ट हासिल करने में मदद की है। ये निवेश 14 राज्यों में फैले हैं और इससे 31,000 से ज्यादा रोजगार सृजन की संभावना है। कुल निवेश का करीब 42 फीसदी यूरोपीय देशों से आया है, जबकि अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया से भी निवेश बढ़ा है सरकार चीनी कंपनियों में 10 तक हिस्सेदारी रखने वाली विदेशी कंपनियों के लिए एफडीआई नियमों में ढील से जुड़े फैसले को जल्द अधिसूचित करेगी। अधिसूचना विदेशी मुद्रा तहत जारी होगी। सरकार ने मार्च में प्रेस नोट-3 (2020) में संशोधन को मंजूरी दी थी। हालांकि, यह छूट चीन, हांगकांग या भारत से सटे अन्य देशों में पंजीकृत कंपनियों पर लागू नहीं होगी। भारत पर विदेशी निवेशकों का भरोसा मजबूत किया है।इन कारकों के चलते भारत वैश्विक निवेश के लिए के रूप में उभरा है।

# Dollar vs Rupees:

## क्रूड में उबाल से रुपये में ऐतिहासिक गिरावट
## डॉलर के मुकाबले 95.20 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर



डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में 32 पैसे टूटकर 95.20 के सर्वकालिक निचले स्तर (ऑल-टाइम लो) पर आ गया है। इस भारी गिरावट के पीछे मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, मजबूत अमेरिकी डॉलर और पश्चिम एशिया में गहराता भू-राजनीतिक तनाव है। मुद्रा बाजार में मचे इस हाहाकार के बीच घरेलू शेयर बाजारों में भी भारी बिकवाली देखने को मिली है। दरअसल, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कोई बदलाव न करने के फैसले और वाशिंगटन व तेहरान के बीच कूटनीतिक विवाद बढ़ने के कारण सुरक्षित निवेश के तौर पर अमेरिकी डॉलर की मांग में काफी इजाफा हुआ है। छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर इंडेक्स भी 0.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.96 पर कारोबार कर रहा था।निचले स्तर पर बंद हुआ था।

## IPL 2026 Points Table: गुजरात से हार के बाद भी आरसीबी दूसरे स्थान पर कायम ऑरेंज-पर्पल कैप की दौड़ में कौन आगे



IPL Points Table Team Standings 2026: आईपीएल 2026 में 42 लीग मैच खेले जा चुके हैं। अब तक सभी टीमों ने अपने आधे से ज्यादा मैच खेल लिए हैं। पंजाब की टीम तालिका में शीर्ष पर कायम है, जबकि गुजरात के खिलाफ हार के बावजूद आरसीबी को नुकसान नहीं हुआ है। आईपीएल 2026 में गुरुवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को चार विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ गुजरात की टीम अंक तालिका में पांचवें स्थान पर चली गई है। आरसीबी को हार का नुकसान नहीं हुआ है और टीम अभी भी दूसरे नंबर पर कायम है। आइए देखते हैं कि गुजरात-आरसीबी मैच के बाद अंक तालिका में कौन सी टीम किस स्थान पर है। साथ ही ऑरेंज और पर्पल कैप किस खिलाड़ी के पास है। पंजाब किंग्स आठ मैचों से 13 अंक लेकर पहले स्थान पर है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु नौ मैचों से 12 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। सनराइजर्स हैदराबाद नौ मैचों में 12 अंक लेकर तीसरे और राजस्थान रॉयल्स नौ मैचों में 12 अंक लेकर चौथे स्थान पर है। गुजरात टाइटंस 9 मैचों में 10 अंक लेकर पांचवें, चेन्नई सुपर किंग्स आठ मैचों से छह अंक लेकर छठे, दिल्ली कैपिटल्स आठ मैचों से छह अंक लेकर सातवें, कोलकाता नाइट राइडर्स आठ मैचों से पांच अंक लेकर आठवें, मुंबई इंडियंस आठ मैचों से चार अंक लेकर नौवें और लखनऊ सुपर जाएंट्स आठ मैचों में छह अंक लेकर 10वें स्थान पर है। समान अंकों के बावजूद कई टीमों की रैंकिंग में उनकी रन रेट की वजह से अंतर है। गुजरात और आरसीबी के बीच मैच के बाद पर्पल कैप एक बार फिर भुवनेश्वर कुमार के पास चली गई है। आरसीबी के इस अनुभवी तेज गेंदबाज ने मैच में शानदार गेंदबाजी करते हुए

## RR vs DC Playing 11: राजस्थान के खिलाफ मैच में उतर सकते हैं मिचेल स्टार्क दिल्ली कैपिटल्स की नजरें वापसी पर



RR vs DC Playing 11 Today Prediction: दिल्ली कैपिटल्स के लिए मौजूदा सीजन अच्छा नहीं चल रहा है और टीम अब राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ वापसी के इरादे से उतरेगी। दिल्ली के लिए राहत की बात यह है कि इस मैच में मिचेल स्टार्क उपलब्ध रह सकते हैं। दिल्ली कैपिटल्स के पास पिछले कुछ मैच के निराशाजनक नतीजों पर विचार के लिए अधिक समय नहीं है। टीम को शुक्रवार को आईपीएल मैच में आत्मविश्वास से भरी राजस्थान रॉयल्स का सामना करना है। अक्षर पटेल की अगुआई वाली दिल्ली की टीम के लिए यह सत्र काफी मुश्किलों भरा रहा है। पिछले दो मैच में टीम के प्रदर्शन में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। एक तरफ उन्होंने 250 से अधिक का स्कोर बनाया लेकिन विरोधी टीम ने विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए उस लक्ष्य को हासिल कर लिया। वहीं, दूसरी तरफ वे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ सिर्फ 75 रन पर ऑलआउट हो गए। दिल्ली के लिए सबसे बड़ी चिंता उनकी बल्लेबाजी में निरंतरता की कमी रही है। केएल राहुल, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स और समीर रिजवी जैसे खिलाड़ियों ने बीच-बीच में अच्छा योगदान दिया है लेकिन पूरी टीम मिलकर एक साथ अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रही है। पिछले मैच में अभिषेक पोरेल ने इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर बल्लेबाजी करते हुए टीम को शर्मनाक स्कोर पर ऑल आउट होने से बचाया था। गेंदबाजी के मोर्चे पर दिल्ली के लिए कुछ अच्छी खबरें भी हैं। तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क एक मई से खेलने के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से मंजूरी मिलने के बाद टीम में वापसी करने के लिए तैयार हैं। एनगिडी के उपलब्ध नहीं होने के कारण स्टार्क का टीम में शामिल होना

## MI vs SRH Playing 11: हैदराबाद के खिलाफ रोहित रहेंगे उपलब्ध? कैसी हो सकती है दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11



MI vs SRH Playing 11 Today Prediction: मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मैच में यह देखना दिलचस्प होगा कि रोहित शर्मा इसका हिस्सा होते हैं या नहीं। रोहित चोट के कारण पिछले कुछ मैचों से बाहर हैं। सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के बीच बुधवार को आईपीएल 2026 का मुकाबला खेला जाएगा। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को अगर अपनी किस्मत पलटनी है तो इस महत्वपूर्ण मुकाबले में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। इस मैच में यह देखना दिलचस्प होगा कि टीम के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा प्लेइंग-11 में शामिल होते हैं या नहीं। रोहित शर्मा 12 अप्रैल से हैमस्ट्रिंग (मांसपेशियों में खिंचाव) चोट के कारण मैदान से बाहर हैं, हालांकि उन्होंने नेट सत्र में कई बार बल्लबाजी की है। टीम प्रबंधन के अनुसार, उनके खेलने पर फैसला मैच से पहले टॉस के समय लिया जाएगा। मुंबई की टीम की चिंता भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम के चार खिलाड़ियों में शामिल कप्तान हार्दिक पांड्या और सूर्यकुमार यादव का खराब प्रदर्शन है। तिलक वर्मा के गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल में पहले शतक से मुंबई लगातार चार मैचों में हार का सिलसिला तोड़ने में सफल रहा था लेकिन चेन्नई से मिली करारी हार ने एक बार फिर उसके लड़खड़ाते अभियान को और भी मुश्किल में डाल दिया। मुंबई इंडियंस के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का प्रदर्शन भी निराशाजनक रहा है। वह अभी तक केवल दो विकेट ले पाए हैं।

## MI Vs SRH: हैदराबाद के खिलाफ रोहित के खेलने पर क्यों है संशय? सूर्यकुमार यादव ने किया जमकर अभ्यास



मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच बुधवार को आईपीएल 2026 का मुकाबला खेला जाएगा। इस मैच में रोहित शर्मा के खेलने पर संशय है। वहीं, सूर्यकुमार यादव ने नेट्स पर जमकर पसीना बहाया है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल मुकाबले की पूर्व संध्या पर मुंबई इंडियंस के दिग्गज बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने लय की तलाश में मंगलवार को नेट सत्र में जमकर पसीना बहाया। सूर्यकुमार यादव पहले खराब दौर से गुजर चुके हैं। पिछले साल खराब फॉर्म में रहने के बाद उन्होंने इस साल जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में तीन अर्धशतक के साथ वापसी की थी और फिर टी20 विश्व कप में भारत की अमेरिका के खिलाफ शुरुआती जीत में भी अहम पारी खेली थी। भारतीय टी20 टीम के इस कप्तान ने तब लय हासिल करने के लिए सोशल मीडिया से दूरी और लगभग तीन सप्ताह का ब्रेक लिया था। आईपीएल के व्यस्त सत्र के बीच हालांकि ऐसा ब्रेक लेना संभव नहीं है, इसलिए उनके लिए नेट सत्र ही वापसी का रास्ता बनते दिख रहे हैं। मुंबई टीम के जामनगर से दो दिन के दौरे के बाद लौटने पर खिलाड़ियों ने तुरंत अभ्यास किया, जिसमें सूर्यकुमार के साथ पूर्व कप्तान रोहित शर्मा भी शामिल थे, हालांकि उनकी उपलब्धता पर अभी भी सवाल कायम है। सूर्यकुमार ने मंगलवार को निर्धारित समय शाम छह बजे से काफी पहले ही नेट में बल्लेबाजी का अभ्यास शुरू कर दिया था। उन्होंने लगभग डेढ़ घंटे तक अभ्यास किया।बाद में उनके साथ ईशान किशन भी जुड़ गए।

## GT vs RCB: जेसन होल्डर के कैच से मैदान पर गरमाया माहौल रजत पाटीदार को आउट दिए जाने पर भड़के कोहली



गुजरात और आरसीबी के बीच मैच के दौरान रजत पाटीदार के विवादित कैच आउट ने बड़ा बवाल खड़ा कर दिया। फैसले से नाराज विराट कोहली ने मैदान पर आपत्ति जताई, जबकि अंपायरों ने अपना निर्णय बरकरार रखा। आईपीएल 2026 में गुजरात टाइटंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच खेले गए मुकाबले में उस समय बड़ा विवाद खड़ा हो गया जब रजत पाटीदार के आउट होने को लेकर बहस छिड़ गई। मैच के आठवें ओवर में अरशद खान की गेंद पर रजत पाटीदार ने शॉट खेला, जो डीप फाइन लेग की ओर गया। गेंद हवा में थी, तभी जेसन होल्डर ने डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग से दौड़ते हुए शानदार कैच पकड़ लिया। स दौरान उनका कगिसो रबाडा से टकराव होते-होते बचा। मैदान पर मौजूद अंपायरों को कैच साफ लगा और उन्होंने पाटीदार को आउट दे दिया। लेकिन आरसीबी खेमे में इस फैसले से नाराजगी देखने को मिली। आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली इस फैसले से काफी नाराज दिखे। उन्होंने बाउंड्री लाइन के पास एक अधिकारी से बातचीत करते हुए इशारा किया कि होल्डर कैच के दौरान पूरी तरह नियंत्रण में नहीं थे, क्योंकि उनका एक हाथ जमीन को छू रहा था। आरसीबी के मुख्य कोच एंडी फ्लावर और कोहली की आपत्ति के बावजूद, अंपायरों ने अपना फैसला नहीं बदला। इस तरह पाटीदार की 15 गेंदों में 19 रन की पारी का अंत हो गया। इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई। कुछ फैंस का मानना था कि कैच पूरी तरह साफ नहीं था, जबकि अन्य का कहना था कि होल्डर ने गेंद पर पूरा नियंत्रण बनाए रखा था।

आईपीएल मुकाबले में Gujarat Titans और Royal Challengers Bengaluru के बीच खेले गए मैच में उस समय माहौल गरमा गया जब Jason Holder द्वारा लिया गया कैच विवाद का कारण बन गया। यह घटना तब हुई जब Rajat Patidar को आउट करार दिया गया, जिसे लेकर मैदान पर काफी बहस देखने को मिली। मैच के दौरान होल्डर ने एक लो कैच लपका, जिस पर बल्लेबाज़ पाटीदार और आरसीबी के खिलाड़ियों ने संदेह जताया कि गेंद जमीन को छू चुकी थी। हालांकि, अंपायर ने थर्ड अंपायर की मदद के बाद पाटीदार को आउट दे दिया। इस फैसले से Virat Kohli खासे नाराज़ नजर आए। कोहली ने मैदान पर अपनी प्रतिक्रिया भी जाहिर की, जिससे कुछ समय के लिए खेल का माहौल तनावपूर्ण हो गया। दर्शकों और कमेंट्री बॉक्स में भी इस फैसले को लेकर चर्चा तेज हो गई। हालांकि, विवाद के बाद मैच दोबारा शुरू हुआ, लेकिन इस घटना ने मुकाबले का रोमांच और बढ़ा दिया। सोशल मीडिया पर भी इस फैसले को लेकर फैंस के बीच बहस छिड़ गई है।

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612





